release of Rs. 128.28 lakhs to the Government of Kerala. Fifty per cent of the assistance is in the form of loan and fifty per cent as Grant-in-aid as per the guidelines of the scheme.

खाद्यान्नों पर राज-सहायता

502. श्री राज मोहिन्दर सिंह:
श्री कपिल सिब्बल:

क्या खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आम उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए खाद्यान्नों पर राज-सहायता प्रदान की जाती है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1996-97, 1997-98 और 1998-99 के दौरान इस संबंध में राज-सहायता के रूप में प्रदान की गई धनराशि का क्या अनुमान है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा खाद्यान्न उत्पादकों से गेहूं व धान किस-किस मूल्य पर खरीदे गए थे; और

(घ) उपरोक्त वर्षों के दौरान भारतीय खाद्य निगम की गेहूं और चावल की इकोनोमिक कॉस्ट कितनी रही?

खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सत्यपाल सिंह यादव): (क) जी, हां।

(ख) 1996-97, 1997-98 के दौरान और चालू वर्ष में आज तक भारतीय खाद्य निगम को खाद्य सब्सिडि के प्रति क्रमशः 5166 करोड़ रुपये, 7500 करोड़ रुपये और 7959 करोड़ रुपये अदा किए गए है।

(ग) और (घ) वर्ष 1996-97 से 1998-99 के दौरान गेहूं और चावल की वसूली लागत और भारतीय खाद्य निगम द्वारा वहन की गई गेहूं और चावल की इकनामिक लागत निम्नानुसार थी:—

(रुपये क्विंटल)

पद	1996-97 (अनंतिम/वास्तविक)		1997-98 (संशोधित अनुमान)		1998-99 (बजट अनुमान)	
	न्यूनतम समर्थन मूल्य	इकनामिक लागत	न्यूनतम समर्थन मूल्य	इकनामिक लागत	न्यूनतम समर्थन मूल्य	इकनामिक लागत
गेहूं धान/चावल	380	640.16	475*	800.50	510**	807.95
(i) साधारण	380		415		440	
(ii) बढ़िया	395	847.69	—	940.40	—	980.36
(iii) उत्तम	415		—		—	
(iv) ग्रेड "ए"	—		445		470	

नोट: 1. 1997-98 और इसके बाद से बढ़िया और उत्तम श्रेणियों को ग्रेड "ए" में परिवर्तित कर दिया गया था।
2. जब न्यूनतम समर्थन मूल्य धान के लिए हो तो चावल के लिए इकनामिक लागत भारित लागत है।
*इसमें 60 रुपये का बोनस शामिल है।
**इसमें 55 रुपये का बोनस शामिल है।

Kerala Government's request for release of Rs. 1.50 lakhs for purchase of computer

503. SHRI J. CHITHARANJAN: Will the Minister of FOOD AND CONSUMER AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether State Government of Kerala has requested for release of Rs. 1.50 lakhs for the purchase of a computer and its accessories to be installed at the Commissionarate of Civil Supplies in Kerala under centrally sponsored scheme; and

(b) if so, the details and decision thereon?